विषय कोड :
Subject Code : **101**

CLASS-IX HALF-YEARLY EXAMINATION, SEPTEMBER - 2025

कक्षा - IX अर्द्धवार्षिक परीक्षा, सितम्बर - 2025

HINDI (MT)

मातृभाषा हिन्दी

CLASS-IX

कुल प्रश्न : 80 + 6 = 86 कुल मुद्रित पृष्ठ : 24

Total Questions : 80 + 6 = 86 Total Printed Pages : 24

(समय : 3 घंटे) (पूर्णांक : 100)

[Time : 3 Hours] [Full Marks : 100]

परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :

1. ***प्रश्नों के उत्तर देने से पहले निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें।***
2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
4. *यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है — **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब**।*
5. ***खण्ड-अ** में 80 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से **किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।** पचास से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए **1 अंक** निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये **OMR** उत्तर पत्रक में दिये गये सही विकल्प को **नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/ तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।***
6. ***खण्ड - ब में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं** । प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं ।*
7. *किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।*

CLASS-IX

खण्ड – अ
वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न संख्या 1 से 80 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 80 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के उत्तर अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर पत्रक पर चिह्नित करें। $50 \times 1 = 50$

1. 'च' का उच्चारण स्थान है

(A) कंठ (B) तालु

(C) ओष्ठ (D) मूर्द्धा

2. 'ड' का उच्चारण स्थान है

(A) ओष्ठ (B) तालु

(C) मूर्द्धा (D) दंत

3. हिन्दी में स्वर वर्णों की संख्या है

(A) दस (B) तेरह

(C) ग्यारह (D) नौ

4. निम्न में कौन संयुक्त स्वर है ?

(A) ए (B) इ

(C) उ (D) अ

5. निम्न में कौन ह्रस्व स्वर है ?

(A) आ (B) ई

(C) ऊ (D) ऋ

6. अनुनासिक स्वरों का उच्चारण

(A) नाक और मुँह से होता है (B) सिर्फ मुँह से होता है

(C) सिर्फ नाक से होता है (D) इनमें से कोई नहीं

7. 'क्ष' किन वर्णों के मेल से बना है ?

(A) क् + स (B) क् + ष

(C) क + ष (D) क् + श

8. निम्न में कौन युग्मक ध्वनि का उदाहरण है ?

(A) प्राण (B) स्त्री

(C) कम्बल (D) प्रसन्नता

9. 'देवर्षि' शब्द का संधि-विच्छेद है

(A) देव + रिषि (B) देव + रिशि

(C) देव + ऋषि (D) दैव + ऋषि

CLASS-IX

[101]

10. 'चंद्रोदय' शब्द का संधि-विच्छेद है

(A) चंद्र + उदय (B) चंद्र + ऊदय

(C) चंदो + दय (D) चंदो + ओदय

11. 'दिक् + गज' पदों की संधि है

(A) दिग्गज (B) दिग्भ्रम

(C) दिक्कज (D) दिगंत

12. 'निः + पाप' पदों की संधि है

(A) निपाप (B) निपात

(C) निष्पाप (D) निस्पाप

13. 'स् + अ + त् + य् + अ' – वर्णों के मेल से बना शब्द है

(A) सात्या (B) सत्य

(C) सत्ये (D) सत्यानु

14. निम्न में शुद्ध शब्द है

(A) बुढ़ा (B) अवनति

(C) निरिह (D) द्वद

CLASS-IX

15. 'पहाड़ टूट पड़ना' – मुहावरे का अर्थ है

(A) बड़ी कोशिश करना (B) भारी विपत्ति आना

(C) खूब लाभ होना (D) प्रसन्न होना

16. 'हथियार डाल देना' मुहावरे का अर्थ है

(A) स्तब्ध होना (B) प्रभाव जमना

(C) सरासर झूठ (D) हार मान लेना

17. 'जो देने योग्य है' के लिए एक शब्द है

(A) दाता (B) दानी

(C) देय (D) दाम

18. 'गणतंत्र' का विलोम शब्द है

(A) राजतंत्र (B) प्रजातंत्र

(C) लोकतंत्र (D) जनतंत्र

19. 'तरल' का विलोम शब्द है

(A) गरल (B) द्रव्य

(C) ठोस (D) तम

CLASS-IX

[101]

20. 'उत्तीर्ण' का विलोम शब्द है

(A) अवतीर्ण (B) अनुत्तीर्ण

(C) अवतार (D) अवतरित

21. 'वृक्ष' का पर्यायवाची शब्द है

(A) विधि (B) तनुज

(C) तरु (D) दुहिता

22. 'सर्प' का पर्यायवाची शब्द है

(A) हेम (B) मंडली

(C) भुजंग (D) गिरा

23. 'स्त्री' का पर्यायवाची शब्द है

(A) कनक (B) विभु

(C) वनिता (D) सविता

24. 'तुम जाओ'– किस वाक्य का उदाहरण है ?

(A) निषेधवाचक (B) प्रश्नवाचक

(C) आज्ञावाचक (D) संदेहवाचक

CLASS-IX

25. 'सीता भींगते हुए घर जा रही है' – किस वाक्य का उदाहरण है ?

(A) इच्छावाचक (B) सरल

(C) मिश्र (D) संयुक्त

26. 'मायारिक्त' शब्द किस समास का उदाहरण है ?

(A) करण तत्पुरुष (B) संप्रदान तत्पुरुष

(C) अपादान तत्पुरुष (D) संबंध तत्पुरुष

27. 'नवग्रह' शब्द किस समास का उदाहरण है ?

(A) नञ् (B) अव्ययीभाव

(C) द्वन्द्व (D) द्विगु

28. निम्न में कौन द्वन्द्व समास का उदाहरण है ?

(A) हरिशंकर (B) पीतांबर

(C) राजभवन (D) मालगोदाम

29. निम्न में कौन कर्मधारय समास का उदाहरण है ?

(A) पदभ्रष्ट (B) मार्गव्यय

(C) महात्मा (D) राजगृह

CLASS-IX

[101]

30. 'आत्मा' का विशेषण है

(A) आराध्य (B) आत्मीय

(C) आत्मानु (D) आत्माने

31. 'कलंक' का विशेषण है

(A) कलंके (B) कलंकि

(C) कलकी (D) कलंकित

32. 'खानदान' का विशेषण है

(A) खनिज (B) खानदानी

(C) ख्याति (D) खान

33. निम्न में कौन शुद्ध वाक्य है ?

(A) मुंबई में मानसून आ गया । (B) वह जल्दी दौड़ता है ।

(C) मुझे ठंडी दूध पसंद है । (D) राम पानी पर कूद पड़ा ।

34. 'सोमेश अपने मित्र कृष्णा के साथ दिल्ली गया है' – यह वाक्य किस काल का उदाहरण है ?

(A) भूतकाल (B) वर्तमान काल

(C) भविष्यत् काल (D) तात्कालिक वर्तमान

CLASS-IX

35. 'विवेक उपन्यास पढ़ता है' – यह वाक्य किस क्रिया का उदाहरण है ?

(A) अकर्मक (B) प्रेरणार्थक

(C) नामधातु (D) सकर्मक

36. 'कुछ लोग आए हैं' – यह वाक्य किस विशेषण का उदाहरण है ?

(A) संख्यावाचक का (B) प्रविशेषण का

(C) गुणवाचक का (D) सार्वनामिक का

37. 'प्रशांत आलसी लड़का है' – यह वाक्य किस विशेषण का उदाहरण है ?

(A) परिमाणवाचक का (B) संख्यावाचक का

(C) गुणवाचक का (D) सार्वनामिक का

38. 'वह अपने-आप चला जायेगा' – यह वाक्य किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) प्रश्नवाचक का (B) संबंधवाचक का

(C) निजवाचक का (D) निश्चयवाचक का

39. 'मैं' किस पुरुषवाचक सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) उत्तम पुरुषवाचक का (B) मध्यम पुरुषवाचक का

(C) अन्य पुरुषवाचक का (D) इनमें से कोई नहीं

CLASS-IX

40. 'नदी में पत्थर मत फेंको' – इस वाक्य में कौन कारक है ?

(A) संबोधन (B) अधिकरण

(C) संबंध (D) अपादान

41. 'वह हैजे से मरा' – इस वाक्य में कौन कारक है ?

(A) सम्प्रदान (B) अपादान

(C) सम्बंध (D) करण

42. 'मूर्ति' का बहुवचन रूप है

(A) मूर्तिन (B) मुर्तिने

(C) मूर्तियाँ (D) मूर्तिमानों

43. 'वधू' का बहुवचन रूप है

(A) वाधा (B) वधूवन

(C) वधुवने (D) वधुएँ

44. 'पाठक' का स्त्रीलिंग रूप है

(A) पठकी (B) पाठिका

(C) पाठकी (D) पठिकी

45. निम्नलिखित में कौन पुंलिंग शब्द है ?

(A) मान्यता (B) काया

(C) निधि (D) दाँत

CLASS-IX

46. निम्नलिखित में कौन स्त्रीलिंग शब्द है ?

(A) पहिया (B) आटा

(C) दया (D) पैसा

47. निम्न में कौन अशुद्ध शब्द है ?

(A) ऊँचा (B) मातृहीन

(C) निर्गुण (D) नीर्दयी

48. 'होली' किस संज्ञा का उदाहरण है ?

(A) व्यक्तिवाचक (B) जातिवाचक

(C) समूहवाचक (D) द्रव्यवाचक

49. निम्न में कौन भाववाचक संज्ञा का उदाहरण है ?

(A) गुच्छा (B) पुस्तक

(C) गयाजी (D) बुढ़ापा

50. निम्न में कौन समूहवाचक संज्ञा का उदाहरण है ?

(A) तोता (B) गुच्छा

(C) जनवरी (D) मित्रता

51. 'अतिशय' शब्द में कौन उपसर्ग है ?

(A) शय (B) अधि

(C) अ (D) अति

CLASS-IX

[Contin

52. 'प्रकाश' शब्द में कौन उपसर्ग है ?

(A) काश (B) परा

(C) प्र (D) प्रति

53. 'निदान' शब्द में कौन उपसर्ग है ?

(A) नि (B) दान

(C) निर् (D) निस्

54. 'पुजापा' शब्द में कौन प्रत्यय है ?

(A) पूज (B) आप

(C) आपा (D) अ

55. 'गायक' शब्द में कौन प्रत्यय है ?

(A) अक (B) गाय

(C) आ (D) आव

56. 'निकास' शब्द में कौन प्रत्यय है ?

(A) अस (B) अश

(C) अष (D) आस

57. निम्न में कौन विवाह गीत नहीं है ?

(A) गुरहथी (B) मंगढकी

(C) सिन्दूरदान (D) सोहर

CLASS-IX

58. बिहार में प्रचलित लोकगीतों के मुख्यतः कितने भेद हैं ?

(A) चार (B) पाँच

(C) सात (D) दो

59. नाचारी कहाँ का प्रसिद्ध गीत है ?

(A) मगह का (B) अंग का

(C) भोजपुर का (D) मिथिला का

60. किस लोकगीत में नारियों की भागीदारी नहीं होती है ?

(A) झूमर में (B) साँझ-पराती में

(C) चैता में (D) खिलौना में

61. आचार्य ज्योतिरीश्वर ठाकुर किसके दरबारी कवि थे ?

(A) छत्रपति शिवाजी के (B) हर्षवर्धन के

(C) हरि सिंह देव के (D) समुद्रगुप्त के

62. पंडित शिवदयाल मिश्र कैसे गायक थे ?

(A) ध्रुपद (B) ख्याल

(C) ठुमरी (D) बिरहा

CLASS-IX

63. बिहार के किस घराने को ध्रुपद गायन की परम्परा में अंतरराष्ट्रीय ख्याति मिली ?

(A) बेतिया घराने को

(B) दरभंगा घराने को

(C) डुमराँव घराने को

(D) इनमें से कोई नहीं

64. शारदा सिन्हा के गुरु कौन थे ?

(A) पंडित रघु झा

(B) पंडित सीताराम हरि डाण्डेकर

(C) (A) और (B) दोनों

(D) जगदीप मिश्र

65. डोमकच लोकनृत्य का अन्य नाम क्या है ?

(A) सामा–चकेवा

(B) झिझिया

(C) बिदापत

(D) जलुआ

66. झिंझर लोकनृत्य का प्रचलन कैसे इलाके में है ?

(A) निर्जन इलाके में

(B) बाढ़ वाले इलाके में

(C) सूखा इलाके में

(D) मरुस्थल इलाके में

CLASS-IX

67. भिखारी ठाकुर की मंडली किस नाच की मंडली थी ?

(A) लौंडा नाच (B) झूमर नाच

(C) कथक नाच (D) बिदापत नाच

68. कोहबर चित्रकला में कैसे चित्र बनाये जाते हैं ?

(A) अपवित्र सूचक (B) जातिसूचक

(C) मंगल सूचक (D) अमंगल सूचक

69. चित्रकार राधामोहन बाबू का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) बक्सर में (B) दरभंगा में

(C) कटिहार में (D) पटना में

70. उपेन्द्र महारथी ने चित्रकला की शिक्षा कहाँ पायी थी ?

(A) मुम्बई में (B) दिल्ली में

(C) कलकत्ता में (D) मद्रास में

71. 'आपातकाल और जयप्रकाश नारायण' शीर्षक से किसने एक चित्र शृंखला बनाई थी ?

(A) श्याम शर्मा ने (B) उपेन्द्र महारथी ने

(C) राधामोहन बाबू ने (D) सेवक राम ने

CLASS-IX

72. अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मधुकर आनंद ने किससे नृत्य का क ख ग सीखा ?

(A) शोभना जी से

(B) नलिन गांगुली से

(C) अपने नर्तक पिता बलराम लालजी से

(D) भिखारी ठाकुर से

73. 'कहानी का प्लॉट' शीर्षक पाठ में भगजोगनी का दूसरा पति कौन बना ?

(A) उसका सौतेला बेटा (B) उसका ममेरा देवर

(C) उसका फुफेरा देवर (D) उसका चचेरा देवर

74. 'कहानी का प्लॉट' शीर्षक पाठ में भगजोगनी किसकी पुत्री थी ?

(A) लेखक की (B) मुंशीजी की

(C) दारोगाजी की (D) सिपाहीजी की

75. किस सदी में चीनी यात्री फाह्यान नालंदा में आए थे ?

(A) पहली सदी में (B) दूसरी सदी में

(C) तीसरी सदी में (D) चौथी सदी में

CLASS-IX

76. नालंदा विश्वविद्यालय का जन्म कैसे हुआ था ?

(A) भ्रष्टाचार के धन से (B) राजा के धन से

(C) जनता के उदार दान से (D) इनमें से कोई नहीं

77. 'भ्रातृप्रेम' किसका उपन्यास है ?

(A) लक्ष्मीनारायण सुधांशु का (B) शिवपूजन सहाय का

(C) विष्णु प्रभाकर का (D) रामकुमार का

78. ग्राम-गीतों में स्त्रियों ने कैसे भावों को अभिव्यक्त किया है ?

(A) कठोर (B) कलुषित

(C) अमर्यादित (D) कोमल

79. 'लाल पान की बेगम' शीर्षक पाठ में बिरजू की उम्र कितनी है ?

(A) पाँच साल (B) आठ साल

(C) दस साल (D) सात साल

80. 'लाल पान की बेगम' शीर्षक पाठ में जंगी की पतोहू किससे नहीं डरती है ?

(A) बिरजू की माँ से (B) बिरजू के पिता से

(C) बिरजू से (D) मखनी फुआ से

CLASS-IX

खण्ड – ब

विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है । **5 × 2 = 10**

(क) तकनीक ने मानव जीवन को सुविधा सम्पन्न बनाया है । पूरी दुनिया उपभोग की चीजों से भर गई है । आज नैतिकता की स्थिति यह है कि वह अँधेरे कमरे में सिसक रही है । भोग संस्कृति ने मानव को आराम तो दिया है, पर उसके सुख-चैन को छीन लिया है । आधुनिक मानवीय सम्बंधों में जटिलता और दूरियाँ बढ़ी हैं । मानव जीवन में नैतिकता नहीं है बल्कि नैतिकता का ढोंग है । फेसबुक, वाट्सएप्प, ब्लॉग, ई-पत्रिका और सोशल मीडिया के शोर में आत्मीय संवाद विलुप्ति के कगार पर है । भोग-विलास के चलते मानवता घायल हो रही है ।

(i) किसने मानव जीवन को सुविधा संपन्न बनाया है ?

(ii) पूरी दुनिया किन चीजों से भर गई है ?

(iii) नैतिकता की स्थिति कैसी है ?

(iv) भोग संस्कृति ने मानव से क्या छीन लिया है ?

(v) मानव जीवन में भोग-विलास के चलते कौन घायल हो रहा है ?

CLASS-IX

(ख) गिरमिटिया मजदूर औपनिवेशिक देशों के वैसे श्रमिक थे जिन्हें अनुबंध के अन्तर्गत भारत से ले जाया गया था । अनुबंध के अनुसार, उन्हें पाँच वर्षों तक मालिक के साथ काम करना आवश्यक था । इसके बाद ही वे स्वदेश लौट सकते थे । इस अनुबंध व्यवस्था ने एक नई दासप्रथा को जन्म दिया । इन्हें पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी बिहार, पंजाब, हरियाणा से जमैका, फिजी, त्रिनिदाद, टोबैगो, मॉरीशस आदि देशों में ले जाया गया । इन्हें मुख्यतः नगदी फसलों के उत्पादन में लगाया जाता था । 1921 में ब्रिटिश सरकार ने यह व्यवस्था बंद कर दी ।

(i) गिरमिटिया मजदूर कौन थे ?

(ii) गिरमिटिया मजदूरों को अनुबंध के अनुसार कितने वर्षों तक काम करना आवश्यक था ?

(iii) अनुबंध व्यवस्था ने किसको जन्म दिया ?

(iv) गिरमिटिया मजदूरों को मुख्यतः किन फसलों के उत्पादन में लगाया जाता था ?

(v) अनुबंध आधारित व्यवस्था को कब बंद किया गया ?

CLASS-IX

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी **एक** गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है । **5 × 2 = 10**

(क) मुद्रण का आरम्भ चीन में हुआ । 105 में टस्-प्लाई-लून ने कागज का आविष्कार कर उसपर छपाई आरम्भ की । आरम्भ में मुद्रण हाथ से किया गया, परन्तु 6ठी शताब्दी में काठ की तख्ती या वुड ब्लॉक पर छपाई की जाने लगी । 1041 में पि-शेंग ने मिट्टी से अक्षरों की छाप बनाई । इन्हें एक साथ जोड़कर पंक्ति बनाई जा सकती थी । इससे छपाई में तेजी आई । 1295 में मार्कोपोलो चीन से वापस लौटते समय अपने साथ वुड ब्लॉक छपाई की तकनीक इटली लाया ।

(i) मुद्रण का आरम्भ कहाँ हुआ ?

(ii) कागज का आविष्कार किसने किया ?

(iii) आरम्भ में मुद्रण कैसे किया गया ?

(iv) मिट्टी से अक्षरों की छाप किसने बनाई ?

(v) वुड ब्लॉक छपाई की तकनीक इटली में कौन लाया ?

CLASS-IX

(ख) स्वामी दयानंद सरस्वती आधुनिक भारत में समाज और शिक्षा के महान् उद्धारक एवं समाजसुधारक संत थे । इन्होंने राष्ट्रीयता को लक्ष्य बनाकर भारतवासियों के लिए पथ-प्रदर्शक का कार्य किया । भारतीय समाज में व्याप्त रूढ़िवादिता को दूर कर एक नए समाज की स्थापना की । स्वामी दयानंद सरस्वती ने जातिवाद, छुआछूत, अशिक्षा, धर्म में आडम्बर आदि कई कुरीतियों के विरुद्ध जागरण पैदा करने का कार्य किया । इन कार्यों को करने के लिए इन्होंने 1875 में आर्य समाज की स्थापना की तथा 'सत्यार्थ प्रकाश' नामक एक ग्रंथ का प्रकाशन भी करवाया । इन्हीं गुणों के कारण 19वीं सदी के समाज-सुधारकों में वे श्रेष्ठ थे ।

(i) स्वामी दयानंद सरस्वती कौन थे ?

(ii) भारतवासियों के लिए पथ-प्रदर्शक का कार्य किसने किया ?

(iii) स्वामी दयानंद सरस्वती ने किन कुरीतियों के विरुद्ध जागरण पैदा करने का कार्य किया ?

(iv) आर्य समाज की स्थापना कब हुई ?

(v) स्वामी दयानंद सरस्वती ने किस ग्रंथ का प्रकाशन करवाया ?

CLASS-IX

[101]

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200 - 250 शब्दों में निबंध लिखें । 1 × 10 = 10

(i) वसंत ऋतु

(ii) मेरा प्रिय खेल

(iii) सच्ची मित्रता

(iv) मेरे आदर्श शिक्षक

4. सत्संगति के महत्त्व को समझाते हुए अपने छोटे भाई के पास एक पत्र लिखें । 5

अथवा

शिक्षक एवं छात्र के बीच गर्मी की छुट्टी के सदुपयोग के बारे में होने वाले संवाद को लिखें ।

CLASS-IX

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दें : ***5 × 2 = 10***

(i) विशेषण को परिभाषित करें ।

(ii) 'रोली भरी थाली' का क्या आशय है ?

(iii) महादेवी वर्मा का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

(iv) 'आ रही रवि की सवारी' शीर्षक पाठ में चित्रित सवारी का वर्णन करें ।

(v) भारत की पहली बॉक्स-ऑफिस हिट फिल्म किसे कहा जाता है ?

(vi) गर्मी के दिनों में अष्टावक्र एवं उसकी माँ कहाँ सोया करते थे ?

(vii) विष्णु प्रभाकर की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखें ।

(viii) पठित पाठ के आधार पर बतायें कि बच्चे कैसी कहानियों को सुनने में उत्कंठित रहते हैं ।

(ix) धनगाईं ग्राम कहाँ पड़ता है ? बिहार की शास्त्रीय संगीत परम्परा में उस गाँव का क्या महत्त्व है ?

(x) श्रमगीत के महत्त्व को संक्षेप में लिखें ।

CLASS-IX

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखें (शब्द-सीमा लगभग **100**) : $1 \times 5 = 5$

(i) सप्रसंग व्याख्या करें ।

"तैसे विस्वरूप ते अभूत भूत प्रगट होइ,

ताही ते उपज सबै ताही मैं समाहिंगे ।"

(ii) 'लाल पान की बेगम' शीर्षक पाठ का सारांश लिखें ।

CLASS-IX